









# जिला अधिवक्ता संघ के सुनील अध्यक्ष, दिनेश सचिव निर्वाचित

## केके उपाध्यक्ष,यर्शवर्धन सह सचिव,वर्षा कोषाध्यक्ष और आशीष ग्रन्थपाल में जीते



नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. भारी गहमागहमी के बीच शनिवार को शुरू हुई अधिवक्ता संघ की मतगणना में जिला अधिवक्ता संघ की नई द्विवार्षिक कार्यकारिणी में सुनील शर्मा को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया.सचिव पद दिनेश शुक्ला ने एकतरफ जीत दर्ज की.**

पूर्व निर्धारित समय अनुसार निर्वाचन अधिकारी जिला लोक अभियोजक रमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संघ के कार्यालय में सुबह दस बजे से मतगणना का कार्य प्रारम्भ हुआ.प्रत्याशी व प्रतिनिधियों से खचाखच भरे हाल में पहले चरण की मतगणना समाप्त होने के पूर्व ही ज्यादातर लोग हाल छोड़ कर चले गए.हालांकि उमस भरी गर्मी के बीच पहले चरण का अन्तिम परिणाम आने में तीन घण्टे से का समय लग गया.पहले चरण की मतगणना में ही श्री शर्मा अध्यक्ष पद पर अपने सभी प्रतिद्वंदियों से इतनी बढत बना चुके थे सभी यही मान कर चल रहे थे अब किसी का आगे निकलना सम्भव नहीं है.कुछ ऐसी ही स्थिति सचिव पद पर दिनेश शुक्ला और कोषाध्यक्ष पद पर वर्षा मिश्रा की थी.इसके विपरीत उपाध्यक्ष पर पहले चरण में अरूण सिंह 161मत पाकर केके पयासी से 16 मत आगे थे.इसी प्रकार ग्रथपाल में आशीष विश्वकर्मा आशीष शर्मा से तीन मत आगे थे.

पहले चरण के बाद दूसरे की मतगणना तकरीबन डेढ़ बजे के आसपास शुरू हुई इसके बाद ज्यादातर पदों की स्थिति स्पष्ट हो गई.शाम 6बजे के आसपास जब तीसरे चरण के परिणाम सामने आए तो अध्यक्ष पद पर सुनील शर्मा को 428 मत उनके निकटतम प्रतिव्दिदी 305 मत तीसरे स्थान पर राजबहादुर सिंह 194 रमेश कुमार पाठक 186 रत्लेश श्रीवास्तव 175 पुष्पराज सिंह 133, अमृतलाल शुक्ला 121, ददन सिंह परिहार 5, कुल पांच मतों को निरस्त घोषित किया. इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर कृष्णकुमार पयासी को 417, अरुण सिंह परिहार को 367, दिलीप आर्य को 287, शरद मिश्रा को 262, ओमीशंकर तिवारी 171 व धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा 41 मत प्राप्त हुए. सचिव पद के चार उम्मीदवारों के बीच दिनेश कुमारशुक्ला को 670, शैलेश पांडे 420, सुनील पाण्डे 285, विपिन कुमार वर्मा को 166 मत प्राप्त हुए. सहसचिव पद पर यशोवर्धन द्विवेदी को 383, मनोजकुमारत्रिपाठी को 365, अनिलकुमार शुक्ला को 176, मयंकदेव सिंह परिहार 363, सुनील कुमार त्रिपाठी 159, संतोष कुमार पयासी को 86 मत प्राप्त हुए. कोषाध्यक्ष के 4 उम्मीदवारों में वर्षा मिश्रा 653, अन्नपूर्णा तिवारी 446, शिखा सिंह सौलंकी 257, नीता यादव को 176 मत प्राप्त हुए. ग्रंथपाल के दो उम्मीदवारोंमें आशीष शर्मा को 872, अशीष विश्वर्मा को 666 मत मिले. कार्यकारिणी महिला आरक्षित के लिए 8 उम्मीदवारों में अनुश्री त्रिपाठी को 703, गीता त्रिपाठी 445, कीर्ति पाण्डेय 369, कल्पना चौधरी 313, अर्चना विश्वकर्मा 234, रानी जायसवाल 163,रश्मि कुशवाहा 101 एवं सुनीता मिश्रा को 324 मत प्राप्त हुए.

# नशे का सौदागर बंटा और उसकी पत्नी गिरफ्तार

## भेजे गए जेल

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के कुख्यात नशे के सौदागर अमित अग्रवाल उर्फ बंटा और उसकी पत्नी सुनीता अग्रवाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है.कोतवाली पुलिस की इस मुस्तैदी से शहर में नशीली दवाओं के नेटवर्क को एक बड़ा झटका लगा है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रामना टोला निवासी आरोपी अमित अग्रवाल उर्फ बंटा और उसकी पत्नी सुनीता अग्रवाल लंबे समय से प्रतिबंधित और अवैध नशीली गोलियों की बिक्री में संलिप्त थे. मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को अवैध नशीली गोलियों का सौदा करते हुए मौके से धर दबोचा. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी बंटा और उसकी पत्नी सुनीता अग्रवाल को न्यायालय के आदेश के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है.

# उप मुख्यमंत्री ने झिन्ना इंटेक वेल का किया निरीक्षण

## नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य तय समय पूरा हो



नवभारत न्यूज

**मैहर 4 जुलाई उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मैहर जिले के रामनगर ब्लॉक में ग्राम झिन्ना में जल जीवन मिशन की दो समूह नलजल योजनाओं के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।**

उप मुख्यमंत्री ने रीवा बाणसागर और सीधी बाणसागर समूह नलजल योजना के तहत बनाए जा रहे इंटेक वेल तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हर गांव और हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना को जल जीवन मिशन द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है। समूह नलजल योजनाओं के निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरे कराकर आमजनता को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण तथा लक्ष्य के अनुसार घरों में कनेक्शन देने के कार्य की नियमित समीक्षा करें। मौके पर उपस्थित जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक चित्रांशु उपाध्याय ने बताया कि रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना से रीवा और मऊगंज जिले के 1613 गांवों को पेयजल मिलेगा। इंटेक वेल से जल शोधन संयंत्र तक पानी पहुंचाया जा चुका है। इससे गोविंदगढ़ घाटी में बनाए गए सम्पवेल में पानी पहुंचाकर टेस्टिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। परियोजना का कार्य मार्च 2027 तक पूरा हो जाएगा। सतना बाणसागर समूह नलजल योजना से सतना और रीवा जिले के 995 गांवों को पानी मिलेगा। इसके भी इंटेक वेल और जल शोधन संयंत्र का कार्य पूरा हो गया है। इसी तरह सीधी बाणसागर समूह नलजल योजना का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इसका भी कार्य मार्च 2027 तक पूरा हो जाएगा। निरीक्षण के समय जिला पंचायत सतना की वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, राजेश पाण्डेय एसडीएम रामनगर एसपी मिश्रा, जिला प्रबंधक जल निगम सतना पंकज तंतुवाय, सीधी नीरव अग्रवाल तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शनिवार को संक्षिप्त मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पॉलीटेक्निक के दो चरणों की काउंसलिंग में 95 प्रतिशत सीटें भरीं

## अब शेष सीटें पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर भरी जाएंगी

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया में इस वर्ष भी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सतना ने विंध्य क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता बरकरार रखी है। प्रथम एवं द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में संस्थान की लगभग 95 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं, जिससे यह विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभरा है।**

तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित डिप्लोमा प्रवेश प्रक्रिया के पहले और दूसरे चरण में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सतना को विद्यार्थियों का भरपूर प्रतिसाद मिला। संस्थान की लगभग 95 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश पूर्ण हो चुका है। संस्थान के अनुसार इस वर्ष विभिन्न शाखाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के उच्चतम अंक भी उल्लेखनीय रहे। सीमेंट टेक्नोलॉजी शाखा में 97 प्रतिशत, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में 96.6 प्रतिशत, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 95 प्रतिशत तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भी अपनी पहली पसंद के रूप में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सतना का चयन किया। अब कॉलेज लेवल काउंसिलिंग के माध्यम से शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 1, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 2, सीमेंट टेक्नोलॉजी की 2 तथा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग की 19 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्थान में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इसके बाद मेरिट सूची जारी कर नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अभ्यर्थियों को कॉलेज लेवल काउंसिलिंग का पंजीकरण एवं सभी आवश्यक मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

### पहली पसंद बना कॉलेज : मिश्रा



संस्थान के प्राचार्य एम. एन. मिश्रा ने बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सतना गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के कारण विंध्य क्षेत्र के विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यही कारण है कि इस वर्ष भी प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरणों में लगभग 95 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं।

### दस्तावेज के साथ आएं : डॉ. गौतम



संस्थान के काउंसलिंग प्रभारी डॉ. आर. के. गौतम ने बताया कि कॉलेज लेवल काउंसिलिंग के माध्यम से शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्थान में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन एवं सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

# शराब तस्करों के खिलाफ मैहर पुलिस की कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चंचल नागर व नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से 90 लीटर अवैध शराब और अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है.**

थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कटनी तरफ से एक काले रंग की स्कार्पियो कार मैहर तरफ अवैध शराब लेकर आ रही है जिसकी सूचना की तस्दीक हेतु बेरमा मंडी के पास एनएच.30 रोड के पास मैहर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्रवाई करते हुए स्कार्पियो वाहन क्र स्क्ष्क्ष्9ञ्ज 4630 को रोक कर चेक किया गया जो स्कार्पियो वाहन के पीछे 10 कार्टून में अग्रेजी गोवा शराब कुल 90 लीटर अवैध शराब कुल कीमती 67500 रुपए, काले रंग की स्कार्पियो क्र. स्क्ष्क्ष्9ञ्ज4630 कीमती 16 लाख रुपए जप्त की गई एवं तीनो आरोपियों गोलू उर्फ वीर सिंह सेंगर पिता गजेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी बृन्दावन कालोनी बडगैया की गली थाना कोतवाली जिला मैहर (मप्र.), कंचन उर्फ कल्पना चौरसिया पति आशीष चौरसिया उम्र 32 वर्ष निवासी बृन्दावन कालोनी बडगैया की गली थाना कोतवाली जिला मैहर (मप्र.) सचिन पटेल पिता गणेश प्रसाद पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी उमरी पैला थाना कोतवाली जिला मैहर (म.प्र.)के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया.

### एक नजर में



### जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी की बैठक

**सतना।** जायंट्स ग्रुप ऑफ स्मार्ट सिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ दीपक सोई के निवास में आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार के साथ-साथ आगामी सेवा गतिविधियों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, सेवा एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में फ्हरा-भरा सतनाफ्र अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया।

### एकेएस में बी.फार्मा का सुनहरा अवसर



**सतना।** स्वास्थ्य सेवाओं और औषधि उद्योग के निरंतर विस्तार के साथ फार्मेसी आज देश के सबसे तेजी से उभरते करियर विकल्पों में शामिल हो चुकी है। दवा निर्माण, अनुसंधान, क्लीनिकल रिसर्च, अस्पताल, औषधि विपणन, गुणवत्ता नियंत्रण, नियामकीय कार्य, उद्यमिता तथा उच्च शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रशिक्षित फार्मासिस्टों की बढ़ती मांग को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नई दिल्ली ने बी.फार्मा पाठ्यक्रम को आधुनिक, कौशल-आधारित और उद्योगोन्मुखी बनाया है। इसी नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना का राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध करा रहा है।



### ऑन-साइट प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

**सतना.** जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित बैठक में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर शनिवार को सतना शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा एवं ऑन-साइट प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वास्थ्य कर्मियों की क्षमता संवर्धन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने की। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नलिनी शुक्ला, शहरी नोडल अधिकारी डॉ. विनीत गुप्ता, जिला क्षय अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, डीसीएम डॉ. ज्ञानेश मिश्रा, एपीएम सुधेश शुक्ला, गीता मिश्रा, विक्रम प्रजापति एवं अभिषेक सिंह सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में सतना शहरी क्षेत्र के सभी सेक्टर चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता तथा सुपरवाइजरों ने भी सहभागिता की।



# खरमसेड़ा पहुंच शोकाकुल परिवारजनों से मिले सांसद

## मुख्यमंत्री को दी घटना की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 4 जुलाई. सांसद शनिवार को राहुल यादव पिता मोतीलाल यादव उम्र 35, वीरेंद्र यादव पिता जगदीश यादव उम्र 38 व कृष्ण कुमार पिता रामदास यादव उम्र 28 तीनों निवासी ग्राम पंचायत खरमसेड़ा के यहां पहुंचे और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देकर शोकाकुल परिवारजनों से मिल उनको ढाढ़स बंधाया।**

सांसद ने ग्रामीणों व पीड़ित परिवार से घटना की पूरी जनकारी ली और जाना कि आखिर तीन लोगों की मौत कैसे हो गई और सुरक्षा में कहां चूक हुई।

सांसद गणेश सिंह ने अमरपाटन के खरमसेड़ा की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम खरमसेड़ा में एक गौवंश को बचाने के लिए एक-एक करके यादव परिवार के 5 लोग कुएं में गए जहां जहरीली गैस ने उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी, पांच लोगों में से तीन लोगों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक पूरे क्षेत्र में व्याप्त है एक व्यक्ति किसी तरह से बाहर निकलने में सफल रहा है और एक व्यक्ति अस्पताल में इलाज करा रहा है, मैं पीड़ित परिवार जनों से मिला उनके प्रति संवेदना व्यक्त की और प्रशासन को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देश दिया तथा सहायता परिवार जनों को उपलब्ध कराई जाए,

# सतना-मैहर संसदीय क्षेत्र में सांसद सुविधा केंद्र का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सतना 04 जुलाई. संसदीय क्षेत्र की जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनप्रतिनिधि से सीधे संवाद को सशक्त बनाने की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई।**

सांसद गणेश सिंह ने कलेक्ट्रेट के समीप धवारी स्थित इनक्यूबेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर सांसद सुविधा केंद्र के ऑनलाइन पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 9425172508 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, एकेएस यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनंत सोनी, रवीन्द्र सिंह सेठी, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर मैहर आशिमा पटेल सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सिरप व नशीली गोलियो के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**सतना, 4 जुलाई.** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही कर कुल 06 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप एवं 398 नग मैनडैक्स नशीली कैप्सूल जप्त कर 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सतना रोड स्थित बिजली ऑफिस के पीछे प्रतिबंधित कफ सिरप एवं नशीली कैप्सूल लेकर खड़ा है। सूचना की तस्दीक करने पर एक व्यक्ति हाथ में काले रंग की पन्नी लिए संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला।

# नर्सिंग महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर सत्र आयोजित



नवभारत न्यूज

**सतना 04 जुलाई. धवारी स्थित शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तनाव प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।**

सत्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने तनावमुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने इसके वैज्ञानिक पक्ष को विस्तार से समझाते हुए कहा कि आज के युग में मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या, सकारात्मक सोच तथा तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों को दैनिक जीवन में अपनाना प्रत्येक व्यक्ति के लिए अतिआवश्यक है। तत्पश्चात वरिष्ठ ध्यान एवं योग प्रशिक्षक राहुल द्विवेदी ने ध्यान एवं योग के सभी पक्षों को विस्तार से समझाते हुए उपस्थित जनों को निर्देशित ध्यान भी करवाया। इस अवसर पर डॉ. नलिनी शुक्ला डीएचओ, श्रीमती आरती मिश्रा प्राचार्य सहित नर्सिंग महाविद्यालय की समस्त सिस्टर ट्यूटर्स, आशुतोष पयासी, अभिषेक सिंह सहित अन्य कर्मचारियों एवं छात्राओं ने पूरे मनोयोग से सत्र में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सत्र की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

CMYK